पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने लोक आयुक्त नियुक्ति आदेश जारी किया

शपथ ग्रहण समारोह 20 दिसम्बर को

लखनऊः 18 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज न्यायमूर्ति श्री वीरेन्द्र सिंह (अवकाश प्राप्त) को उत्तर प्रदेश का नया लोक आयुक्त नियुक्त किया है। राज्यपाल रविवार 20 दिसम्बर, 2015 को प्रातः 10.30 बजे राजभवन में न्यायमूर्ति श्री वीरेन्द्र सिंह को उत्तर प्रदेश के लोक आयुक्त पद की शपथ दिलायेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा न्यायमूर्ति श्री वीरेन्द्र सिंह को लोक आयुक्त नियुक्त करने संबंधी पत्रावली राज्यपाल को अनुमोदन हेतु प्रेषित की गयी थी। राज्यपाल ने उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति प्राप्त होने पर पत्रावली पर अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया है।